^^mn; i:dk'k dh fgUnh dgkuh ^ekgunkl* d: v:x:th vu|oknk dk ikBk/kfjr ,o: r|yukRed fo'y"k.k**

"UDAY PRAKASH KI HINDI KAHANI 'MOHANDAS' KE ANGREZI ANUVADON KA PATHADHARIT EVAM TULNATMAK VISHLESHAN"

COMPARATIVE AND TEXUAL ANALYSIS OF 'MOHANDAS' – A SHORT HINDI STORY BY UDAY PRAKASH ON THE BASIS OF TWO ENGLISH TRANSLATIONS

शोध निर्देशक
ikñ peuyky

सह–शोध निर्देशक
Mk- j.kthr lkgk

शोधर्थी
n'kuh fi;k

Hkkjrh; Hkk"kk d:Un:
Hkk"kk] lkfgR; ,o: l:LÑfr vè;;u l:LFkku
tokgjyky ug: fo'ofo|ky;
ub: fnYyh

vkHkkj

गुरुओं और सहपाठियों और मित्राों की प्रेरणा एवं शुभकामनाओं का सुपरिणाम इस लघुशोध प्रबंध के रूप में प्रतिपफलित है। आदरणीय निर्देशक प्रो. चमनलाल और डॉ॰ रणजीत साहा का सपफल, मार्गदर्शन न होता तो कभी मैं अपने इस शोध को पूरा न कर पाती। विशेषकर डॉ॰ रणजीत साहा के प्रति कृतज्ञ हूँ जिन्होंने न केवल धैर्य के साथ मेरा उत्साह बढ़ाया बल्कि समय–समय पर शोध–सामग्री से मेरी सहायता भी की।

मैं उदय प्रकाश की भी आभारी हूँ कि लेखक और अध्येता होने के नाते उन्होंने हर प्रकार से मेरी सहायता की। और अपना अमूल्य समय मुझे दिया। मैं उनके सहयोग और स्नेह के प्रति कृतज्ञ हूँ। मैं साहित्य अकादेमी और दिल्ली विश्वविद्यालय के केन्दीय पुस्तकालय के कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने शोध सबंधी सामग्री मेरे लिए सहज ही उपलब्ध कराया।

अथक कर्मठता एवं वात्सल्य मूर्त्ति वंदनीय दादीजी श्रीमती मोलन देवी के अमोघ आशीर्वाद से ही इस 'साध्ना' के मूल में स्वयं को पफलित पाती हूँ। साथ ही, परिवार के अन्य सदस्य संजय, मुन्नी, पूजा छोटी, कशिश और राजा के सहयोग, सहोचर्य और वात्सल्य के लिए आभार जिनके बग़ैर मेरा यह प्रयास कभी सपफल न होता। जिनका मूक त्याग मेरी शक्ति बना। मैं विश्वविद्यालय के अपने तमाम सहपाठियों के प्रति भी कृतज्ञ हूँ जिन्होंने परोक्ष रूप से मेरा उत्साहवर्ध्नन किया। स्नेही मित्रा प्रीती का भी आभार जो मेरा संबल बनी। अंत में अपने टाइपिस्ट प्रदीप सिंह को ध्न्यवाद, जिनके सहयोग के बिना यह शोध कार्य अपनी मंज़िल तक न पहुँच पाता।

दर्शनी प्रिया

,,,,,,,,,,,

e|jh ckr----

इस शोध में दो भाषाओं की व्याकरणसम्मत तुलना की गई है। पहले अध्याय में मैंने मूल पुस्तक की अंतर्वस्तु, लेखक परिचय, अनुवादक परिचय तथा कहानी के रचना विधन पर चर्चा किया है, वही दूसरे अध्याय में, भाषा के सभी अंगों को लेकर अंग्रेज़ी और हिन्दी की संरचनाओं का तुलनात्मक और व्यतिरेकी विश्लेषण किया है, जैसे– ध्वनि, लिपि, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, वाक्य–साँचा, काल पक्ष, वृत्ति, वाच्य आदि। साथ ही अनुवाद में प्रयुक्त भाषा की अभिव्यक्ति की बारीकियों, अर्थ–छटाओं, समकक्ष व्याकरणिक नियमों, अपवादों और संभावित उक्तियों का भी विश्लेषण व अध्ययन किया है।

शोध्कार्य के अंतर्गत एक अध्याय पाठाधरित समस्याओं पर है, जिसका प्रयोजन दो भाषाओं की संरचनाओं की तुलना कर उन स्थलों की पहचान करना था जहाँ वे एक–दूसरे से असमान और भिन्न है। साथ ही अन्तर्भाषिक अनुवाद से जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण, सांस्कृतिक विश्लेषण एवं लोप तथा संयोजन के स्तर पर समस्याओं का भी विश्लेषण किया है।

दो भाषाओं और संस्कृतियों के बीच सम्पर्क–सेतु के रूप में अनुवाद की विशिष्ट भूमिका है, लेकिन अनुवाद–कर्म के लिए पूरी सावधनी एवं गम्भीरता की अपेक्षा होती है। इस नाते अनुवाद को मौलिक सृजन से, किसी भी प्रकार कम नहीं कहा जा सकता। किसी भी सामग्री का अनुवाद करते समय अनुवादक को अनेक प्रकार की समस्याओं और सीमाओं का सामना करना पड़ता है। ये सीमाएँ भावपरक ही नहीं भाषापरक भी होती हैं और प्रयुक्ति परक–वैशिष्ट्रय सम्बन्धी भी। सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों का अनुवाद भी अनुवादक की सीमा बन जाता है। प्रस्तुत शोध में इन्हीं चुनौतियों और सीमाओं पर विश्लेषण किया गया है। दो संस्कृतियों, विचारधराओं, चिंतन परम्पराओं, भाषिक संस्कारों, रीति–रिवाजों, परम्पराओं एवं भावधराओं के बीच अनुवादक ने किस तरह दोहरा जोख़िम उठाया है, इस पर भी चर्चा की गई है।

दर्शनी प्रिया

Hkfedk

उदय प्रकाश का रचना संसार सदा ही मेरे लिए रहस्य – रोमांच भरी पहेली की तरह रहा है। उनकी कहानियों के विषय उनका इतिहास–बोध, समाजशास्त्रीय विश्लेषण ये सब तो बेचैन करता ही थे, लेकिन इससे कहीं ज़्यादा उन की रचना–प्रक्रिया को लेकर मन में हमेशा जिज्ञासा भरी रहती थी। इस बीच मैंने उनकी लगभग सभी किताबें पढ़ डालीं। उनकी कहानियों को पढ़ते हुए हमेशा लगता कि मैं भी कहीं उन कहानियों के भीतर मौजूद हूँ और पात्राों विशेषकर स्त्राी–पात्राों के माध्यम से अपने समय और समाज का विश्लेषण करने लगती हूँ। 'मोहनदास' जब छपकर बाज़ार में आई तो मैंने भी उसे पढ़ा। 'हंस' के अगस्त 2005 अंक में प्रकाशित काहानी 'मोहनदास' को पढ़कर अभिभूत हुई। कहानी के मूल पाठ या नैरेटिव को पढ़ते हुए लगता है कि वह 1932–34 के भारत से भिन्न नहीं है विशेषकर 'मोहनदास' को हम अस्मिता के संकट की कहानी के रूप में देखते हैं इसमें कोई भी पाठक एक रूपक कथा का स्वाद ले सकता है। यह एक अति–यथार्थवादी कहानी है जिसमें बहुत सारे आख्यानों के टुकड़े और मिथ छोटे–छोटे स्तर पर रचे और संजोए गये हैं।

उदय प्रकाश की लगभग सभी कहानियाँ एक तरह से प्रतिरोध की कहानियाँ है। उन्होंने प्रतीकारात्मक, रूपात्मक और यथार्थवादी हर अन्दाज में अपने समय के सियासी, समाजी आर्थिक और मानसिक स्थितियों की कहानियाँ लिखी हैं। उनके यहाँ वस्तुएँ प्रतीक हैं और प्रतीक वस्तुएँ है इसलिए अपने समय की समस्त समस्याएँ जिस बेतक्कलुफ़ी और सहजता के साथ उनकी कहानियों में समा जाती हैं, वे अपने आप में किसी करिश्मे से कम नहीं।

उनकी कहानियों में मानवीय अस्तित्व जीवन, व्यक्ति और समाज, इतिहास और मनुष्य की मनःस्थिति और भाषा, काल के बीच होने वाले हर इंसानी तमाशे के विषय में प्रश्नों का एक जुलूस या रेला बहता हुआ नज़र आता है। 'मोहनदास' एक युगीन आख्यान है इसमें उन्होंने अपने अस्तित्व के गहरे–काले पानी में डूबकर भाषा और 'नेरेटिव' के साथ एक सार्थक संवाद करते हुए उसे बखूबी बरता है। कहानी में मोहनदास का साम्य महात्मा गाँधे से दिखाने का जो सपफल प्रयास किया है उसने मुझे सबसे ज़्यादा प्रभावित किया। छपने के बाद यह कहानी अत्यंत चर्चित हुई और जब इसे प्रतिष्ठित 'साहित्य अकादेमी' पुरस्कार के लिए चुना गया तो अन्य हिन्दी पाठकों की तरह न केवल, मुझे खुशी और आत्म संतोष हुआ वरन् मैंने इसे अपना शोध विषय बनाने का तत्काल निर्णय भी ले लिया। पफलतः महाकाव्यात्मक सम्भावनाओं से भरी 'मोहनदास' कहानी मेरे लघुशोध का विषय बनी।

मैंने 'मोहनदास' के उक्त दो अंग्रेजी अनुवादकों का पाठाधरित एवं तुलनात्मक अध्ययन किया है। इसके एक अनुवादक तो पश्चिम के 'जेसन ग्रूनबाम' है तो दूसरे भारत के 'प्रतीक कांजीकाल'। अनुवाद के स्तर पर दोनों ही अनुवादकों को कई

चुनौतियों को सामना करना पड़ा है। इसमें सांस्कृतिक सीमाएँ कभी चुनौती बनी तो कभी ठेठ गँवई शैली, और कभी क्षेत्राीय बोलियाँ अड़चन बनीं। दोनों अनुवादक कभी संवेदना के अंतरण में गए हैं तो कभी शैलीगत व्यंजनाओं के भँवर जाल में उलझे रहे हैं।

उन चुनौतियों का अनुवादकों ने बख़ूबी सामना किया है। चूँकि 'मोहनदास' एक उत्कृष्ट और चर्चित कृति है तो ज़ाहिर है अंग्रेज़ी का पाठक वर्ग भी ऐसी ही उत्कृष्टता की अपेक्षा इसके अंग्रेजी रूपांतरण से भी करता है। हालाँकि दोनों ही अनुवादकों ने भावप्रद और सजीव अनुवाद करने की भरकस कोशिश की है। पर जो रसास्वादक मूल के पढ़ने से होता है वह अनुवाद में नहीं आ पाया है। ज़ाहिर है यह कमी पाठकों को अखरती है।

उदय प्रकाश स्वयं एक सपफल अनुवादक रहे हैं। उन्होंने कई पत्रा–पत्रिाकाओं का सपफल अनुवाद किया है। अगर उन्होंने इसका अनुवाद स्वयं किया होता तो शायद बात ही कुछ और होती।

,,,,,,,,,,


मोहन दास

vuqØe

vè;k;
i`"B la[;k

vkHkkj
II

esjh ckr
III

Hkwfedk **IV-V**

izFke vè;k;
1&31

- p;u dk vk/kj 1&3
- ys[kd ifjp;
  4&5
- vuqoknd ifjp; 6&9
- varoZLrq
  10&13
- fgUnh esa yach dgkuh dk jpuk fo/ku % fo|k ds Lrj ij 14&17
- :ikarjksa esa ikB oS"kE; % fodYiksa dk vè;;u] i;kZ;ksa dk vè;;u 18&25
- ^eksgunkl* laosnuk] lajpuk ,oa dF; ds Lrj ij 26&31

f}rh; vè;k; **32&71**

- Hkkf"kd vè;;u % okD;] in] izksfDr] inca/] laKk] dkjd]
  foHkfDr] fØ;k] fØ;k fo'ks"k.k ds Lrj ij 32&39
- eqgkojs ,oa yksdksfDr;k¡ 40&50

- vuw| ikB 51&57
- y{; ikB ds :ikarjksa dk ikBk/kfjr fo'ys"k.k 58&67
- 'kCn&;qXe&lwph 68&71

r`rh; vè;k; 72&133

- ikBk/kfjr leL;k,¡ 72&79
- yksi ,oa la;kstu ds Lrj ij ikBk/kfjr rqyuk 80&83
- lkaLÑfrd fo'ys' (jgu&lgu] LFkkuh; fo'okl R;ksgkj vkfn) 84&98
- lerqY;rk ds vk/kj ij fo'ys"k.k 99&111
- laosnuk dk varj.k % y{; ikBksa esa 112&118
- vUrHkkZf"kd vuqokn ls tqM+h leL;kvksa dk fo'ys"k.k 119&129
- izLrkfor ikB 130&133

milagkj 134&135

lanHkZ xzaFk lwph 136&138



- *चयन का आधर*
- *लेखक परिचय*
- *अनुवादक परिचय*
- *अंतर्वस्तु*
- *हिन्दी में लंबी कहानी का रचना विधन : विध के स्तर पर*
- *रूपांतरों में पाठ वैषम्य : विकल्पों का अध्ययन, पर्यायों का अध्ययन*
- *'मोहनदास' संवेदना, संरचना एवं कथ्य के स्तर पर*



- भाषिक अध्ययन : वाक्य, पद, प्रोक्ति, पदबंध, संज्ञा, कारक, विभक्ति, क्रिया, क्रिया विशेषण के स्तर पर
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ
- अनूद्य पाठ
- लक्ष्य पाठ के रूपांतरों का पाठाधरित विश्लेषण
- शब्द–युग्म–सूची



- *पाठाधरित समस्याएँ*
- *लोप एवं संयोजन के स्तर पर पाठाधरित तुलना*
- *सांस्कृतिक विश्लेषण ;रहन–सहन, स्थानीय विश्वास त्योहार आदिद्ध*
- *समतुल्यता के आधर पर विश्लेषण*
- *संवेदना का अंतरण : लक्ष्य पाठों में*
- *अन्तर्भाषिक अनुवाद से जुड़ी समस्याओं का विश्लेषण*
- *प्रस्तावित पाठ*

iFke vè;k;

p;u dk vk/kj

उदय प्रकाश की कहानी 'मोहनदास' एक महाकाव्यात्मक सम्भावना से भरी कहानी है। यह सब कुछ छीन लिए गए यहाँ तक कि उसकी पहचान भी कि, एक दलित की करुण कथा है। उदय प्रकाश अपनी कहानियों में बड़ी कुशलतापूर्वक फ़ैन्टसी का प्रयोग करते हैं जो यथार्थ के साथ घुल–मिलकर वह उनके रचनात्मक वैभव को उजागर करती है। 'तिरिछ' कहानी में भी उन्होंने तिरिछ को ही एक मिथ के रूप में गढ़ा है। 'वारेन' हेस्टिंग्स का साँड' में साँड का रूपक गढ़ा है। इस कहानी में में उन्होंने जज को मुक्तिबोध बना दिया और परसाई यहाँ 'पब्लिक प्रोसीक्यूटर' बने हैं और शमशेर बहादुर सिंह अनूपपुर के एस.एस.पी. है। कहानी के नायक मोहन दास का नाम मोहनदास करमचंद गांधि के नाम सामंजस्य पर रखा गया है। इस मोहन दास का गांव पुरबनरा पोरबन्दर के ध्वनिसाम्य पर है। उसका पिता करमचंद की जगह काबादास है और इसी तरह माँ पुतलीबाई है और पत्नी कस्तूरबा की जगह कस्तूरी है। कहानी कई स्तरों पर पाठकों को झकझोरती है। कहानी में मोहनदास का नाम साम्य महात्मा गाँधि से रखने की युक्ति लेखक ने की है, उसके पीछे शायद गांधि के उसी दरिद्रनारायण को पिफर 'पफोकस' में लाने का, उनके उस संकल्प और स्वप्ण की दुर्गति दिखाने का मकसद सामने लाता है। आज़ाद भारत में एक आदमी की गिरती जाती हैसियत की व्याख्या यह कहानी पूरी शिद्दत से करती है और करुणा का एक संसार रच डालती है। कहानी के बीच–बीच में उदय प्रकाश ने लम्बी–लम्बी टिप्पणियों भी संजोई हैं जो एक अभिनव प्रयोग है।

जैसा कि बताया गया है उदय प्रकाश मानवीय अस्मिता और मानवीय गरिमा के लेखक है। उनके पात्रा जिस तरह का अमानवीय और निर्वेयक्तिक जीवन जीते हैं उन परिस्थितियों से हार नहीं मानते, बस जीते चले जाते हैं। हालाँकि हारते ही जाते है, पस्त होते हैं पर जीवन से बाहर कभी नहीं जाते। वे चाहे टूट जायें पर मोर्चे पर पीठ दिखाकर नहीं भागते। इसलिए उदय प्रकाश की कहानियाँ हौसला देती है।

''उदय प्रकाश का रचना संसार हिंदी पाठकों के लिए सदैव पहेली की तरह रहा है। उनकी कहानियों के विषय, उनका इतिहास – बोध, समाज–शास्त्राीय विश्लेषण – ये सब तो बेचैन करता ही है, लेकिन इससे कहीं ज्यादा उनकी रचना प्रक्रिया को लेकर पाठकों एवं आलचकों के मन में तरह–तरह के सवाल उठते रहे हैं। उदय प्रकाश ने अपनी सीमाओं को स्वयं तोड़ा है। वे विश्व यात्राा के सहयात्राी है। वे एक अदभुत् पढ़ाकू लेखक है। जिनका मानसिक क्षितिज विश्व की उत्कृष्ट प्रतिभाओं के साथ साथ भारतीय भाषाओं के रचनाकारों और हिन्दी में प्रेमचन्द्र, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी, मुक्तिबोध और निर्मल वर्मा के साहित्य से प्रभावित रहा है। वे सभी बड़े लेखक उसकी स्मृति और सृजन का हिस्सा है लेकिन उनके लिए रचना का सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष है लेखक का

अपना समय, जिसे वह बच्चों की अबोध ताज़गी और विश्वलोक के संज्ञान से तार–तार खोलता है।''[1]

'मोहनदास' के लिए उदय प्रकाश को वर्ष 2010 ई. का साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया। 'मोहनदास' एक लंबी कहानी है तो साहित्य अकादेमी के इतिहास में यह पहली घटना है जब किसी अकेली कहानी को यह पुरस्कार दिया गया। एक अच्छे कथाकार के साथ वे अच्छे कवि भी हैं। उनकी पीढ़ी के लेखकों में इतना प्रभावशाली रचनाकार संभवतः कोई नहीं है। उन्होंने आरंभ कविता से किया था और बाद में कहानी लिखने लगे। उनमें दोनों प्रतिभाएँ है। कहना कठिन है कि कौन–सा रूप बेहतर है। हिन्दी का क्षेत्रा बहुत बड़ा है एक स्पर्ध तो रहती ही है। ऐसा हो ही नहीं सकता कि सभी को उक्त सम्मान मिल जाये। जहाँ तक उदय प्रकाश के 'मोहनदास' की बात है तो उसे, पुरस्कृत कर इस विध के साथ न्याय किया गया है। जिस मोहनदास को गाँधी, मुक्तिबोध, शमशेर कोई न्याय नहीं दिला पाए अंततः उसे न्याय मिल गया। उदय प्रकाश हिन्दी के ऐसे विशिष्ट गद्य लेखक और अपेक्षाकृत युवा रचनाकार हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।

उदय प्रकाश ने हिन्दी कहानी को नए प्रस्थान दिए हैं। उदय प्रकाश ने पफैंटेसी को पहली बार रचनात्मकता के साथ बड़े पैमाने पर कहानी में प्रयुक्त किया। उन्होंने कहानी को महाकाव्य और उपन्यास के टक्कर का बना दिया। यह निश्चय ही एक प्रशंसनीय उपक्रम है।

'मोहनदास' का मूल कथानक 1932–34 ई. के भारत से संबंध्ति है। यह बीसवीं सदी का औपनिवेशिक भारत है– 'फ़्यूडल इण्डिया'। मोहनदास में भी कुछ चीज़ों मसलन पी.सी.ओ. बगैर का हकाप्रसंग छोड़ दें तो यह कहानी 1932–34 होती हुई आज कहीं अध्कि प्रासंगिक है इसमें वह कटु यथार्थ उजागर किया है जिसका सामना हम नहीं कर सकते। कोई ज़रूरी नहीं कि लेखक जिस मुख्य पात्रा को केन्द्रित करके कहानी लिख रहा है, वह उसी की हो। वह एक हताश, निराश आम आदमी की भी कहानी हो सकती है। हर लेखक कहीं–न–कहीं अपने समय की सत्ता और व्यवस्था का विरोधी होता है। और उसके वर्चस्व के विरोध में जो जनता खड़ी होती है वह उसके जीवन की विडंबनाओं से जुड़ी होती है। लेखक उसकी आकांक्षाओं और सपनों की बात करता है और मोहनदास ऐसी हीं कहानी है। पिछले कई सालों से कहा जा रहा था कि समकालीन साहित्य के केन्द्र में कहानी आ चुकी है लेकिन विडंबना थी कि कहानी को केन्द्र में आने और, इतना बड़ा पाठक समुदाय तथा इतना बड़ा 'पब्लिक स्पफीयर' और इतनी सारी पत्रा–पत्रिाकाएँ केन्द्रित होने के बावजूद कहानी विध को जो सम्मान और गरिमा मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल रही थी। ऐसे में बहुत बड़ा प्रस्थान है कि साहित्य अकादेमी ने इसे पुरस्कृत किया। चूँकि यह पहली बार हुआ है कि किसी एक कहानी को अकादेमी ने पुरस्कृत किया, इस नाते भी इसे प्रस्तुत शोध अध्येता द्वारा चुनने का कारण रहा साथ ही अंग्रेज़ी अनुवाद भी उपलब्ध हुआ।

उदय प्रकाश कहानी 'मोहनदास' में एक जीवन्त यथार्थ रचते हैं। एक ऐसा यथार्थ, जिसमें रचनात्मकता का वैभव बिखरा पड़ा है। ज्ञान और संवेदना दोनों स्तरों

[1] पूर्वग्रह, अंक; अप्रैल-जून, पृष्ठ संख्या 14

पर यह कहानी उदय प्रकाश को उनकी अन्य कहानियों से अलग ज़मीन पर खड़ी है। यह कहानी यथार्थ के ठोस धरातल पर खड़ी है। इस कहानी का कथ्य कई स्तरों पर अपनी समग्रता को छूता है और कहानी को एक विराट रूप देता है। इसलिए गहरे अँधेरे में भी इसके पात्रा निराश नहीं होते और न विपरीत परिस्थितियों में भी झुकते नज़र आते हैं। हिंसा, शोषण और पूँजी के फ़फन्दों में पफँसे आम आदमी की छटपटाहट और संघर्ष इस कहानी में अभिव्यक्त है।

y[kd ifjp;

''अपने पाठकों में प्रिय कथाकार उदय प्रकाश का नाम साहित्य में जाना–पहचाना है। मध्य प्रदेश के शहडोल ज़िले में 1952 में जन्में उदय प्रकाश शुरूआती कई नौकरियों के बाद लंबे अरसे से लेखन की स्वायत्तशासी दुनिया से जुड़े हैं। इनके माता–पिता की बचपन में ही मृत्यु हो चुकी थी। विज्ञान में स्नातक और हिंदी साहित्य में आचार्य नंददुलारे वाजपेयी स्वर्णपदक के साथ सागर विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर किया। तदुपरांत उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली में शोध एवं अध्यापन कार्य किया। बाद में संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन में विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी भी रहे।

टाइम्स ऑपफ इंडिया के प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रा दिनमान के संपादक विभाग में उन्होंने कार्य किया। 'संडे मेल' में सहायक संपादक रहे। प्रेस ट्रस्ट ऑपफ इंडिया के टेलिविज़न विभाग में विचार और पटकथा प्रमुख और इंडिपेंडेंट टेलिविजन के विचार और पटकथा प्रमुख पद पर रहे उदय प्रकाश टाइम्स रिसर्च पफाउंडेशन में पत्राकारिता में अध्यापन के साथ अंग्रेजी पत्रिाका 'एमिनेंस' का संपादन भी किया।

'सुनो कारीगर', 'अबूतर कबूतर', 'रात में हारमोनियम' और 'एक भाषा हुआ करती है' कविता संग्रहों और 'तिरिछ', 'दरियाई घोड़ा' और 'अंत में प्रार्थना', 'पालगोमरा का स्कूटर', 'दत्तात्रोय के दुख', 'पीली छतरी वाली लड़की', 'मैंगोसिल' तथा 'मोहनदास' ;लंबी कहानीद्ध जैसी कृतियों के लेखक उदय प्रकाश ने कई लेखकों पर पि़फल्में बनाई हैं और बिज्जी ;विजयदान देथाद्ध की कहानियों पर धरावाहिक भी।

उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे हैं जिसमें 'चीना बाबा' निबंध–आलोचना एवं संस्मरण और 'ईश्वर की आँख' ;प्रकाशनाधीनद्ध प्रमुख हैं। अनुवाद के क्षेत्रा में भी इनका अनुभव व्यापक है, जिसमें इंदिरा गांधी जी आख़िरी लड़ाई, लाल घास पर नीले घोड़े, रोमांया रोलां का भारत ;प्रकाशितद्ध आदि प्रमुख हैं।''[2]

अन्य भाषाओं में भी इनकी किताबें प्रमुख रूप से प्रकाशित हुई हैं– मसलन, 'तिरिछ अणि इतर कथा' ;मराठीद्ध, 'द गर्ल विद गोल्डेन पैरासोल' ;अंग्रेज़ीद्ध और 'शार्ट शॉट्स लॉग शॉट्स' तथा रेजरिवेलरी रोमांस' ;अंग्रेज़ीद्ध। इनके अलावा 'मोहनदास' शीर्षक कहानी के अनुवाद चार भाषाओं में प्रकाशनाधीन हैं। इस पर एक पफीचर पि़फल्म का निर्माण भी हुआ है। विदेशी भाषाओं में उनकी कई कविताएँ और कहानियाँ और अनूदित हो चुकी है।

जर्मन भाषा में सुविख्यात भारतविद् लोठार लुत्से द्वारा संपादित और अनूदित स्वतंत्रा संग्रह शीघ्र प्रकाश्य। अंतर्राष्ट्रीय कविता समारोह राटेरडम ;हालैंडद्ध में कवि के रूप में सहभागिता तथा जर्मनी की यात्राा। आजकल स्वतंत्रा पि़फल्म निर्माण अखबारों तथा पि़फल्मों के लिए लेखन करते हैं।

---

[2] 'मीट द ऑथर', साहित्य अकादेमी; पृष्ठ संख्या 3

पिछले दो दशकों में प्रकाशित उदय प्रकाश की कहानियों ने कथा साहित्य के परंपरागत पाठ को अपने आख्यान और कल्पनात्मक विन्यास से पूरी तरह बदल दिया है। नए युग के यथार्थ के निर्माण में उदय प्रकाश की कहानियों की उल्लेख्य भूमिका है। वैविध्यपूर्ण जीवनानुभवों से संपृक्त उदय की कहानियों पर संभवतः जितनी असहमतियाँ और विवाद दर्ज किए गए उतनी किसी और की कहानियों पर नहीं। किंतु सभी असहमतियों और विवादों को पीछे छोड़ते हुए उदय प्रकाश ने पश्चिमी मापदंड पर टिकी हिंदी आलोचना की जड़ीभूत कसौटियों के सामने सदैव चुनौती खड़ी की है।

vuokn ifjp;

उदय प्रकाश की लंबी कहानी 'मोहनदास' का अंग्रेजी अनुवाद दो अनुवादकों द्वारा किया गया है। पहला अनुवाद भारतीय पाठक वर्ग कों ध्यान में रखते हुए प्रसि(मीडियाकर्मी और पत्राकार प्रतीक कांजीलाल ने किया है। वही दूसरा अनुवाद विदेशी पाठकों को संबोध्ति करते हुए एक विदेशी अनुवादक जेसन ग्रूनबाम द्वारा किया गया है।

''प्रतीक कांजीलाल 'लिटिल मैगज़ीन' अंग्रेज़ी पत्रिाका के सहसंपादक और प्रकाशक हैं। इससे पूर्व में, वे 'इंडियन एक्सप्रेस ऑनलाइन' के प्रमुख कार्यकारी अध्किारी थे। साथ ही, वे 'इंडियन एक्सप्रेस' के उच्च सहायक संपादक और प्रमुख लेखक रह चुके हैं। 'द इकोनॉमिक्स टाइम्स' और 'बिजनेस स्टैंडर्ड' जैसी नामचीन आर्थिक पत्रिाकाओं में कार्य करने का भी इनका ख़ासा अनुभव रहा है। सन् 1998 में, इन्हें उपन्यास के लिए पहला न्यूयॉर्क युनिवर्सिटी पुरस्कार और सन् 2005 में साहित्य अकादेमी अनुवादक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। इतना ही नहीं, वे 'टाइम आउट', नई दिल्ली 'हिन्दुस्तान टाइम्स' और 'प्रफी प्रेस जर्नल' में प्रमुख स्तंभकार भी रहे हैं।''[3] 'मोहनदास' का अंग्रेज़ी अनुवाद उन्होंने 2011 में, अपनी संपादित पत्रिाका लिटिल मैगज़ीन' के तीसरे अंक में भारतीय अंग्रेज़ी पाठकों को ध्यान में रखते हुए किया है। शब्दों के चयन, भाषा, लहजे और संरचना आदि में भारतीय परिवेश और पाठकीय संवेदना का पूरा ख़याल रखा गया है। इसे एक इंडियन अंग्रेज़ी अनुवाद कहा जा सकता है।

चूँकि अनुवादक भारतीय परिवेश में पले बढ़े है और यहाँ की संस्कृति और परम्परा से बखूबी परिचित है। यही कारण है कि उनका अनुवाद अंग्रेज़ी भाषा में होते हुए भी देश का लगता है पाठक उससे न केवल आसानी से तादात्म्य बिठा लेता है बल्कि उसके लिए वह भी ग्राह्य बन जाता है। यह 'अनुवाद भारतीय साहित्यिक मापदंड पर बिल्कुल खरा उतरता है। इसमें पठनीयता के स्तर पर जो प्रवाहमयता बनी है वह बरबस ही अंग्रेज़ी के पाठकों को अपनी ओर खींचती है। प्रतीक कांजीलाल का यह अनुवाद अंग्रेजी के अभिजात्यवर्ग यानी इलीट वर्ग के निहितार्थ नहीं किया गया है बल्कि आम मध्यमवर्गीय अंग्रेज़ी पाठकों को परिदृश्य में रखकर भी किया गया है। प्रतीक का अनुवाद आधरित अध्ययन बहुत व्यापक है। वे बड़ी तैयारी के साथ इस कहानी के अनुवाद में उतरे हैं। अनुवाद का लक्ष्य मूल पाठ के अंतरण के साथ पाठ में निहित मूल्यों का संरक्षण करना भी है। यह बड़ी साध्ना का काम है। अनुवादक अपनी सर्जनात्मक प्रतिभा से अनुदित पाठ को पराई भाषा में समरूप प्रदान करना चाहता है। वह एक ही विषय को विभिन्न शैलियों में सँजोता और ढालता है। यही काम अनुवादक ने 'मोहनदास' को रूपांतरित करते समय किया है। अनुवादक ने मूल से लक्ष्य पाठ की संप्रेषण–प्रक्रिया में 'विकोडीकरण' और 'कोडीकरण' की संकल्पना के आधर पर अनुवाद का पहले स्रोत भाषा के पाठ का 'विकोडीकरण' किया है। बाद में 'कोडीकरण' के माध्यम से भाषिक पुनर्गठन करते हुए उससे व्यक्त अर्थ की पुनर्रचना लक्ष्य भाषा में की गई है।

---

[3] 'लिटिल मैगजीन' अंक; सितम्बर, प्रतीक कांजीलाल, पृष्ठ संख्या 8

यद्यपि यह अनुवाद उद्यम का तकनीकी पक्ष है जहाँ अनुवादक सपफल है तथापि साहित्यिक स्तर पर उन्होंने पाठ की स्वाभाविक सुंदरता बनाये रखी है। कोई भी साहित्यिक कृति अपने में विशिष्ट होती है। साहित्यिक कृति के पाठ पक्ष का दूसरी भाषा में अंतरण अथवा प्रतिस्थापन तो हो सकता हैं, किन्तु साहित्यिक कृति की पाठगत विशिष्टता अभिव्यक्ति के उस पक्ष से जुड़ी होती है, जो भाषा मुक्त नहीं होती। इसलिए अनुवाद में उसकी विशिष्टता प्रायः नष्ट हो जाती है। आश्चर्य की बात है कि उक्त अनुवादक ;कांजीलालद्ध ने 'मोहनदास' का अनुवाद करते हुए इस अलौकिकता को बरव़फरार रखा है। कह सकते हैं कि अनुवादक साहित्यिक, सर्जनात्मक, तकनीकी और अभिव्यक्ति के स्तर पर 'मोहनदास' के अंग्रेज़ी अनुवाद में सपफल रहा है।

'''मोहनदास' का दूसरा अंग्रेज़ी अनुवाद प्रतिष्ठित और वरिष्ठ लेखक जेसन ग्रूनबाम ने किया है। वे शिकागो विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापक और हिन्दी भाषा के व्याख्याता हैं। उन्होंने कई आधुनिक और समकालीन हिंदी कहानियों को अंग्रेजी में अनुवाद किया है। जेसन की कहानी 'मारिया ज़िमनेज़ दा कोस्ता...' को अमेरिका का प्रतिष्ठित 'ओ हेनरी कथा पुरस्कार' मिला है और 'पीली छतरी वाली लड़की' उदय प्रकाश लिखित उपन्यास के अनुवाद 'द गर्ल विद द गोल्डेन पारासोल' को 2005 अन्तरराष्ट्रीय 'पेन' ग्राण्ट दिया गया है।''[4]

''जेसन ने यु(और हिंसा की आग में झुलसते कोसावो और पूर्वी तिमूर के अनुभवों पर एक विलक्षण कहानी 'मारिया' ज़िमनेज़ दा कोस्ता दे कारवाल्हो परेसा' लिखी है। यह एक ऐसी ग़रीब औरत की कहानी है, जिसके मछुआरे पति सार्जियों को प़फौजी नदी पार करवाने के लिए अपने साथ ले जाते हैं और पिफर सार्जियो कभी लौटता नहीं। मारिया ग्यारह वर्ष तक लगातार उसकी प्रतीक्षा करती है और पिफर उसकी खोज में निकलती है। उसकी खोज कुछ–कुछ वैसी है, जैसी विजयदान देथा की कहानी 'दूरी' में राजस्थान के गडुलिया लोहार समुदाय की बूढ़ी दादी हंसा अपने पोते झाले को खोजने पहली बार शहर पहुँचती है और वहाँ निमर्मता से दो–चार होती है। या जैसा कोस्ता गावरास की विख्यात पिफल्म 'मिसिंग' में एक पिता खेल स्टेडियम से अचानक ग़ायब हो गए अपने बेटे को खोजता है। कुछ–वैसा ही दारुण और विकट जैसा 'मोहनदास' इस व्यवस्था और तंत्रा में अपनी छीन ली गई अस्मिता को खोजता है। या जैसा उदय प्रकाश की रचना 'तिरिछ' में एक बेटा शहर में अपने मृत पिता के बारे में सारे तथ्य खोजता है।

जेसन ग्रूनबाम द्वारा अनुचित 'द वाल्स ऑपफ देल्ही' को सन् 2011 में, यू.डब्ल्यू. ए. प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। दक्षिण एशियाई भाषा और सभ्यता विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक जेसन को मंसूर एहतेशाम के उपन्यास 'द टेल ऑपफ मिसिंग मैन' ;1995 ई॰द्ध के अनुवाद के लिए 2011 का लिटरेचर ट्रांसलेशन प़फेलौशिप भी मिल चुका है।

इन्हें 2006 में, अमेरिकी साहित्य अनुवादक संघ के द्वारा प़फेलौशिप भी प्राप्त हो चुका है। संप्रति जेसन, विश्वविद्यालय रचनात्मक लेखन सलाहकार समिति के सदस्य हैं। उनके दो काल्पनिक उपन्यास, 'वेब कन्जंक्शन', साउथवेस्ट रीव्यू और 'थर्ड कोस्ट'

[4] स्त्रोत : डब्ल्यू.डब्ल्यू.कॉम, गूगल.कॉम, सर्च इंजन

प्रकाशित हैं। सलमान रूश्दी ने उनकी कहानी 'मारिया ज़िमनेज़ दा कोस्ता....' को 2007 की सबसे भिन्न लघुकथा के रूप में चुना है। जेसन अमेरिका में, हिंदी के परिचित लेखक और अनुवादक माने जाते हैं। जर्मनी के एक अन्य प्रतिष्ठित अनुवादक अलराइक स्टार्क के साथ मिलकर जेसन अनुवाद कार्य को विदेशों में आगे बढ़ा रहे हैं।''[5]

जेसन यह मानते है कि अनुवाद एक कला है। यह कर्म साहित्य को नये पाठकों तक पहुँचाता है। उन्हें पूरा विश्वास है कि उनका अनुवाद अमेरिकी पाठकों तक हिंदी साहित्य को सपफलतापूर्वक पहुँचायेगा। वे अनुवाद को एक सशक्त माध्यम मानते है जिसके द्वारा विश्व के समकालीन साहित्य को सपफलतापूर्वक एक दूसरे तक पहुँचाया जा सकता है।

जेसन की मातृभाषा अंग्रेज़ी है, पर अपनी मातृभाषा से इतर उन्होंने स्रोत भाषा के रूप में हिंदी को चुना है। लक्ष्य भाषा अंग्रेजी में सपफलतापूर्वक उसका अनुवाद किया है। अपनी मातृभाषा से इतर लक्ष्य भाषा तक अपनी बात पहुँचाने के लिए उन्होंने सहजता और सरलता दोनों का ही सहारा लिया। 'मोहनदास' के अनुवाद को पढ़ते समय पाठक को यह महसूस नहीं होता कि वे गैर–अंग्रेज़ी भाषी हैं। शुरू से अंत तक प्रवाहमयता बनी रहती है। हालाँकि कहीं–कहीं शब्दों एवं पदों का पांडित्यपूर्ण प्रयोग अखरता है। ग़ैर–भारतीय परिवेश से होने के चलते अनुवाद में कहीं–कहीं सांस्कृतिक अस्पष्टता दिखती है। संस्कृति, सभ्यता, सामाजिक तौर–तरीक़ा, स्थानीय लहजा, वेष–भूषा, चलन आदि का अनुभव न होने के कारण अनुवाद में कहीं–कहीं दुर्बोध्ता का एहसास होता है। लेकिन कुल मिलाकर पर प्रयास अच्छा है।

जेसन ने अनुवाद करते समय भाषा के अनेक संस्तरों का प्रयोग किया है। उनकी संरचना में बदलाव किया है। मूल आधर कथा या नैरेटिव की भाषा, पात्राों की सोच, उनके संवाद की भाषा आदि में भी अनुवादक ने इच्छानुसार स्वतंत्राता ली है। उन्होंने अनुवाद कर्म के दौरान मूल पाठ की गहरी पड़ताल की है। भाषा की प्रयोगशाला में जिस साहित्य की निर्मिति होती है, उसमें अनुवादक की हैसियत एक अनुसंधयक की है। सुधि पाठक सुयोग्य भावक की तरह से कार्यशील होता है। जेसन ने अनुवाद करते समय जीवन के अनुभव का बेहतर प्रयोग किया है। अनुवाद इतना प्रवाही और प्रभावी है कि एक बार लगता है कि पाठक रचना के साथ 'कोई यात्राा कर रहा है। जैसे–जैसे पाठक पढ़ता जाता है वह बहता चला जाता है। हालाँकि अनुवादक ने पाठगत चुनौतियों और कठिनाइयों का साहस के साथ सामना किया है।

निःसंदेह, अनुवाद कार्य एक साध्ना है जिसमें अनुवादक को स्रोत और लक्ष्य भाषा के बीच लगातार यात्राा करनी होती है। जेसन ने इन दो ध्रुवों की यात्राा को सहजता और सरलता से पूरा किया है।

---

[5] पूर्वाग्रह, अंक; अप्रैल–जून; पृष्ठ संख्या 11

v|roLr|

उदय प्रकाश की लंबी कहानी 'मोहनदास' एक युगीन आख्यान हैं। कथा के कलेवर में औपन्यासिक विस्तार है, विद्रूपित यथार्थ का जीवंत और मार्मिक दस्तावेज हैऋ यह कथा पफैक्ट–पिफक्शन–पफैंटसी के जरिए हमारी आँखों में उँगली डालकर यथार्थ की नंगी सच्चाई से रू–ब–रू होने का आग्रह करती है। पाठक का मन स्तब्ध–सा होकर रह जाता है। रूपक शैली में पफैंटेसी के जरिए 'मोहनदास' में, उदय प्रकाश ने एक आदमी की कहानी बयान की है जो बहुत कारुणिक है। अत्यंत परिश्रम करते हुए, और कष्ट सहते हुए, भारत का आम निरीह कातर नागरिक रोज़–ब–रोज़ इस अपमान और यंत्राणा को भोगता है।

उदय प्रकाश की यह लंबी कहानी में एक महाकाव्यात्मक संभावना भरी है। इस लोकतंत्रा के आम आदमी की अभिशप्त और करुण कथा। इस कहानी में मोहनदास और उसकी तमाम विषम, त्रासद, परिस्थितियाँ किसी भी संवेदनशील पाठक को झकझोर सकती हैं। पहले खुद को अपनी पहचान दिलाने से लेकर बाद में खुद को अपनी ही पहचान से हटाने के बीच का सारा जद्दोजहद इतनी प्रभावी है कि कहानी सिपर्फ एक रचना मात्रा तक सीमित नहीं रहकर, एक जीवंत दस्तावेज़ बन जाती है। लेखक जिस रूप में कहानियों को कनसीव करते हैं और इसके 'कैनवास' को जो विस्तार देते हैं, वह अद्भुत लगता है।

कहानी के प्रमुख पात्रा मोहनदास, उसकी पत्नी कस्तूरी और माँ के रूप में पुतली के इर्द–गिर्द ही कथाकार की लेखनी ने कैनवस को रचनात्मक विस्तार दिया है जिससे छन–छनकर आज की वीभत्स सच्चाई मोहनदास के रूप में बाहर उजागर होती है। लेखक ने सशक्त चरित्राों के द्वारा आम आदमी की जिजीविषा, संघर्ष, खिलंदड़ापन आदि को बेबाक रूप में ठेठ गँवईपन अंदाज में उजागर किया है। कहानी पढ़ते हुए कहीं–कहीं तो ऐसा आभास होता है कि लेखक प्रेमचंद की विरासत को नए ढंग से आगे ले जाने में सपफल है। इस कहानी में मोहनदास के अतिरिक्त एक ऐसी पात्रा भी है, जो सबसे ज़्यादा प्रभावित और उद्वेलित रहती करती है, और वह है– मोहनदास की पत्नी कस्तूरी। उसके चरित्रा ने पुरुष के साथ नारी की सहकारिता, समानर्धी चेतना एवं सहजीविता ने मानस पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। वह विशु(भारतीय परम्परा की परिचायक है।

लेखक ने कस्तूरी के जीवन की कई छवियाँ उकेरी हैं जिसका प्रत्येक अंग बेजोड़ शिल्पता की अद्भुत गौरवगाथा हैं। उसकी प्रत्येक छवि अभी जी उठने वाले संस्कार के इंद्रध्नुषी रंग से भरे हैं जो कभी पौराणिक कथा की पतिव्रता, सती अनुसूइया हो उठती है तो कभी अथाह ममत्व लुटाने वाली देवदास और शारदा की जननी, तो कभी पुतली और काबा के लिए समर्पित और सेवारत पुत्रावधू। कुल मिलाकर कस्तूरी अदम्य साहस और अकाट्य जिजीविषा की साक्षात् मूरत है। उसका यह कहना– ''आज त धम कुछ जादै चांड हबै। ज तै हाथ मूँह धे के थोरी ल सूत ले!'' ;आज धूप कुछ ज़्यादा ही तेज़ है। जाओ, तुम हाथ–मूँह धेकर थोड़ी देर सो लोद्ध उसके निश्छल वात्सल्य और अद्भुत सेवा भाव का प्रतीक है, जहाँ वह खुद कठिनाई और तकलीपफ सहकर अपने पति को सुख देना चाहती है। यहाँ अनायास ही वह पत्नी की छवि से

निकलकर, माँ की काया में प्रवेश कर अपने पत्ति का दुःख हर लेना चाहती है। विवाह के बाद, सुबह से लेकर रात तक, हर रोज़ बिना वह मोहनदास के संग खड़ी रहती है। दूसरी ओर मोहनदास का पिता काबादास भी सशक्त चरित्रा के माध्यम से पाठकों का ध्यान खींचने में समर्थ हुआ है। टी.बी. से संक्रमित होते हुए भी उसका बार–बार पुतली से कहना– ''ला बांस अउफ टंगिया लमार दे। कमेटी बनाओ।'' ;ला बाँस मुझे दे और कुल्हाड़ी भी थमा दें। मैं बाँस की कमटियाँ छोल देता हूँद्ध उसके कभी न हार मानने वाले मज़बूत इरादों को प्रदर्शित करता है, साथ ही, सामाजिक लड़ाई के प्रति उसकी प्रतिब(ता को भी दर्शाता है। और मोहनदास तो टूटकर बिखरने तक की कहानी तक सिमटा हुआ है।

उसके जीवन का कोना–कोना समय, सत्ता और भाग्य तथा तंत्रा की मार से बिखरा पड़ा है। कहानी में शुरु से अंत तक वह हर मोड़ पर अपनी बाई काँख में पफाइल दबाए घूम रहा है। यह उसकी समस्या मात्रा सामाजिक नहीं रह गई है, अपितु उसके इर्द–गिर्द जो अर्थतंत्रा चल रहा है वह उसे बार–बार किनारे पर लाकर पटक देता है। वह इस बाज़ार का मात्रा एक उत्पाद बनकर रह गया है जो सिपर्फ कीमत से पहचाना जाता है। कहानी का एक अन्य पात्रा बिसनाथ, जो धेखे से मोहनदास की नौकरी हड़प लेता है, मुखौटा लगाये सड़ी–गली सामाजिक व्यवस्था और जर्जर, बर्बर, अनैतिक और निरंकुश सत्ता का अध्निायक है। वह असल मायनों में लालपफीताशही और अपफसरशाही की बखिया उध्ेड़ता नज़र आता है। बिसनाथ ने सिपर्फ मोहनदास की नौकरी चुरा ली है, बल्कि उसने मोहनदास की पहचान को भी अपने पास गिरवी रख लिया है। जब थाने में जो एपफ.आई.आर. दर्ज होती है, वह तो मोहनदास के नाम पर ही दर्ज होती है क्योंकि ज़्यादातर लोग बिसनाथ को मोहनदास के नाम से ही जानते हैं। पुलिस मोहनदास के गाँव पुरबनरा जाकर मोहनदास को पकड़ लाती है।

बिसनाथ ने पुलिस इंसपेक्टर विजय तिवारी से मिलकर थाने के सिपाहियों को खिला–पिला दिया, जिससे उन्होंने मोहनदास को पीट–पीट कर उसके हाथ–पैर तोड़ डाले। वह चल पिफर नहीं सकता था। उध्र उसकी माँ पुतली बाई भी चार रोज़ पहले कुएँ में गिरकर मर गई। कस्तूरी हाड़ तोड़ मंजूरी करके किसी तरह चूल्हे का आग ज़िंदा रखे हुए थी।

कहानी के अंत का यह दृश्य दिल में अज़ीब सी कसक पैदा करता है– ''मोहनदास के होठ कटे हुए हैं और मुँह पोपला हो चुका है। शायद थाने में उसके दाँत तोड़ डाले गये हैं। उसकी आवाज़ टूट कर बिखर रही है– ''जिसे बनना हो बन जाए मोहनदास। मैं नहीं हूँ मोहनदास। मैंने कभी कहीं से बी.ए. नहीं किया। कभी मैंने टॉप नहीं किया। मैं कभी किसी नौकरी के लायक नहीं रहा। बस मुझे चैन से ज़िंदा रहने दिया जाय। अब हिंसा मत करो। जो भी लूटना हो लूटो। अपने अपने घर भरो। लेकिन हमें तो अपनी मेहनत पर जीने दो! काका आप लोग मेरा साथ दो।'' और यहीं पर कहानी का अंत हो जाता है।

उदय प्रकाश की यह कहानी हमारी आज की सामाजिक विडंबना को प्रतीकित करती है जो नीम अंध्ेरे में पफैलते हुए लाल ध्ब्बे–सा आंतकित करता स्मृति में थरथराता हुआ अंत तक व़फायम रहता है। आज़ादी के पचास साल बाद भी अपने यहाँ मोहनदास की संख्या बढ़ रहीं है। यहाँ 'मोहनदास' को पैदा करने वाली कस्तूरी बाई

तो कब के अपने कपड़े उतार यहाँ–वहाँ घूम रही है। यह वंचितों और पीड़ितों की आवाज़ है जो समाज की विकृतियों पर लगातार प्रहार करती है।

''यह कहानी एक नए आख्यान को रचती है। इतनी सरल भाषा में इतनी गंभीर कहानी लिखना कोई सामान्य बात नहीं। लेखन के इसी मामूलीपन ने शायद उसे पुरस्कारों की श्रेणी में ला खड़ा किया था। दरअसल उदयप्रकाश ने 'मामूलीपन' को कहानी के कथ्य में जिस तरह जज्ब़ किया है, वह असाधरण हो जाता है। कहानी के बीच की अख़बारी ख़बरें और सूचनाएँ कहानी का ज़रूरी हिस्सा लगती है– इसलिए कि उदय प्रकाश उन्हें कहानीपन से बाहर नहीं होने देते।''[6] मोहनदास की यह कहानी समकालीन समाज का आईना है। सच का ऐसा हमाम जिसमें सभी नंगे हैं। सत्ताधरी नेता से लेकर मुखौटा लगाए समाज का प्रत्येक उच्च ओर रईस तबका। यह वर्तमान के लोकतंत्रा की सच्ची कहानी है जो इतनी प्रासंगिक प्रतीत होती है कि हमें कहीं–न–कहीं अपने आस–पास एक बेबस लाचार मोहनदास दिख ही जायेगा। कहीं–न–कहीं यह मार्क्स और लेनिन की वैचारिक थाती पर पलटवार है जिसमें अध्निायक दबे–कुचले अपने बेबस मातहतों को सिपर्फ इसलिए उपर आने नहीं देता कि कल वहीं मातहत शक्तिशाली हो उनकी सत्ता की चूलें न हिला दें।

इस पूरी कहानी के उदास एवं हताश ध्ूसर रंगों के बीच में चटकीले प्रसन्न रंगों को छींटा कभी–कभी परमोदी, सितिया, बिहारी, रामकरन, रमोली, सावित्राी और गोपाल आदि के ठहकों के रूप में सुनने को मिलता है जिसे लेखक ने किसी क्षेपक की तरह प्रयोग किया है। ग़रीबी और अन्याय के शिकार लोगों के जीवन के खुरदरे यथार्थ में ऐसे सुंदर रंग कभी–कभार बस ऐसे ही कुछ पल के लिए आते हैं।

इस कहानी में लेखक ने तटस्थ हो, निरपेक्ष रूप से संवेदना के कई अतरंग भावों को भरा है। इस में महात्मा गाँधे के रूपक को व्यापक परिदृश्य पर रखा गया है। इतने सालों बाद किसी लेखक ने आम आदमी की त्रासदी और विडम्बनाओं को महात्मा गाँधे के रूपक के माध्यम से इतने व्यापक स्तर पर उभारा है। एक सुधे पाठक को ही नहीं यह कहानी किसी भी सहृदय व्यक्ति को विचलित कर सकती है।

[6] पूर्वग्रह; अंक; अप्रैल-जून, पृष्ठ संख्या 19

fgUnh e yEch dgkuh dk jpuk fo/ku % fo/k d Lrj ij

'मोहनदास' कहानी आज़ादी के लगभग साठ साल बाद के हालात का आकलन करती है। यह उस अंतिम व्यक्ति की कहानी है जो बार–बार याद दिलाता है कि सत्ताकेन्द्रित व्यवस्था में एक निर्बल, सत्ताहीन और ग़रीब मनुष्य की अस्मिता तक उससे छीनी जा सकती है। पर यह कहानी प्रतिकार की, प्रतिरोध की कहानी नहीं है। इस कहानी को एक लंबी कहानी के रूप में उत्तर–आधुनिक कहानी के रूप में भी देखा और सराहा गया है।

''कहानी एक कठिन विध है, भले ही उपन्यास से आकार में यह छोटी होती है और कविता की तुलना में यह गद्य का आश्रय लेती है। पिफर भी कविता और उपन्यास के बीच की इस विध में लेखन बहुत आसान नहीं है। किसी एक कहानी को संस्थागत सम्मान कभी मिला ही नहीं। शायद यह एक पुनर्विचार है समकालीन हिन्दी के विद्वान आलोचकों का जिन्होंने कहानी को वह प्रतिष्ठा दी है जिसकी वह अध्किारिणी रही है। चेखव ने तो कहानियाँ ही लिखीं उपन्यास नहीं लिखे। प्रेमचंद अपनी कहानियों से ही पहले आम जन में पहचाने गए। निर्मल वर्मा की पहचान भी प्राथमिक तौर पर कहानी से ही बनी। इस समय के परिदृश्य के केन्द्र में कहानी विध ही है। हाल ही में 'मोहनदास' के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया। साहित्य अकादेमी के इतिहास में यह पहली घटना है जब किसी इकलौती कहानी को यह पुरस्कार दिया गया। हालाँकि इस बात पर मतभेद रहा है कि यह लघु उपन्यास है या लंबी कहानी।''[7]

बहुत ज़्यादा पृष्ठों पर होने के बावजूद कोई लम्बी कहानी ही हो सकती है। जैसा कि उदय प्रकाश की कहानी 'और अंत में प्रार्थना' हिन्दी में लम्बी कहानी के रूप में मान्य है। लेकिन अन्य भाषाओं में वह बतौर उपन्यास छपी है। 'पीली छतरीवाली लड़की' अभी भी उपन्यास के रूप में मान्य है।

उपन्यास विध एक बड़े 'कालखंड' की कथा होती है। उसमें कुछ महाकाव्यात्मक गुण होते हैं और उसमें विस्तार भी बहुत हो सकता है। वर्णनात्मकता तो होती ही है। अगर किसी पुराने रूसी उपन्यास को पढ़ा जाये जो उसमें किसी एक व्यक्ति के बारे में उसकी कई पीढ़ियों के बारे में विस्तार से लिखा मिलेगा। लेकिन इसी बीच उपन्यासों का भी रूप बदला है। अब उपन्यास भी बहुत तेज़ गति वाले हो गए हैं– उसी तरह जैसे कहानियाँ।

किसी भी कथा में स्मृति, इतिहास, वर्तमान और भविष्य इनके बीच जब आवाजाही होती है तभी कोई आख्यान बनता है। बहुत छोटी–सी कहानी महत्वपूर्ण हो सकती है, और बहुत बड़ा उपन्यास किसी कहानी से भी कम महत्त्वपूर्ण हो सकता है। कहानी बड़ी हो या छोटी वह कहीं न कहीं अपने देशकाल से जुड़ी होती है। इसका स्थान कोई शहर, कोई बस्ती या गाँव हो सकता है। 'मोहनदास' की मुख्य नायक भी

[7] पारवी, अंक; फरवरी 5, पृष्ठ संख्या 23

आम लोगों से उठकर आया है। पाठक इस चरित्रा की दरिद्रता, बेबसी और लाचारी पर दबे छिपे खीज प्रकट करता है।

'मोहनदास'– इस लंबी कहानी के स्वरूप को ध्यान से देखा जाये तो इसके सरल और सहज पाठ में भाषा और मनुष्य की नियति का गहरा अनुचिंतन और विखंडन एक साथ विन्यस्त है। कहानी लंबी हो या छोटी यह ज़्यादा मायने नहीं रखती अगर लेखक ने अन्य अस्मिताओं के सारे आवरण और कवच उतार दिये हैं और उसके पास अपने जीवन और अपने आत्म की रक्षा के लिए भाषा के अतिरिक्त कोई दूसरा उपकरण नहीं बचा है, तो उसे हमेशा पराधीनता या औपनिवेशीकरण से मुक्ति का प्रयत्न करना ही पड़ता है। लेखकों की लंबी कहानी का रचना–विधन इसी धरणा पर सृजित हुआ। कहानी की शुरुआत से ही प्रस्तुत लेखक भी अपनी वैचारिक और भाषिक अनुभूतियों को इस कदर पिरोता है कि कहानी खुद–ब–खुद विस्तारित होती जाती है। लेखक वस्तुतः अपनी भाषा का मूलनिवासी होता है। उसकी भाषा ही उसका जल जंगल, ज़मीन और जीवन हुआ करता है। अगर लेखकरूपी आदिवासी को उसकी अपनी भाषाई मिट्टी मिल जाये तो रचनाएँ अनंत तक विस्तारित होती हैं। 'मोहनदास' के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। घटनाएँ जुड़ती गईं और कारवाँ आगे बढ़ता रहा और अंततः एक लंबी कहानी के रूप में इस कारवाँ ने अपनी स्थिर ज़मीन तलाशी।

''वाल्टर बेंजामिन ने कहा है, ''कहानी जो है वो मुँह से पैदा होती है इट इज टोल्ड प्रफाम द माउथ।'' यह ओरल है, मौखिक है, वाचिक माध्यम है। हम देखते है कि गाँव में हर कोई कथाकार है जिसके पास भाषा है। यानी कहानी, एक पूर्व–आधुनिक विध है। यह सबसे प्रागैतिहासिक है यानी यह हमारे सभ्यता के विकास के समय से ही है। जब लिपि नहीं थी तब से कहानी कही जा रही है। जबकि उपन्यास पूरी तरह से वैज्ञानिक युग का है। यह मुँह से नहीं निकला बल्कि प्रिंटिंग प्रेस से निकला है। यह सुना और कहा नहीं जाता, पढ़ा जाता है, लिखा जाता है।

बहुत से लोगों ने सिपर्फ कहानियाँ लिखी हैं। चेखव ने कोई उपन्यास नहीं लिखा। प्रेमचंद मूलतः कथाकार ही हैं। अगर देखा जाये तो लंबी कहानी का चलन उनसे भी माना जाता है। उनकी ऐसी कितनी लंबी कहानियाँ है जो उपन्यासों से भी श्रेष्ठ हैं। लंबी कहानी की विध को लेकर और भी कुछ उदाहरण हैं, जैसे– ओ–हेनरी, रवीन्द्रनाथ और प्रेमचंद की रचनाएँ।''[8]

'मोहनदास' दरअसल एक लंबी कहानी है जिसे उपन्यासिका माना जा सकता है। हिन्दी में आमतौर पर लंबी कहानी को लेकर एक गलत धरणा बना दी गई है, ज्यादातर आलोचकों ने लघु इसे उपन्यास ;छवअमससमजमद्ध मान लिया है। एक कहानीकार जो प्रभावी कहानियाँ लिख रहा होता है, वह दबाव में आकर व्यर्थ का मोटा उपन्यास लिख डालता है जिसका कहीं किसी भाषाई साहित्य में या साहित्यिक परिदृश्य में कोई स्थिति नहीं होती। हालाँकि कथा के मूल तत्त्व उपन्यास से मेल खाते है। जैसे रेणु को पढ़ते हुए लगता सकता है कि हम लंबी कहानी पढ़ रहे हैं। 'बाबा बटेसरनाथ' को पढ़ते हुए भी लंबी कहानी जैसा पढ़ने का एहसास होता है। पूर्व आधुनिक, मानव सभ्यता का सबसे प्राचीन आख्यान तो कहानी ही है। दरअसल लंबी कहानियों का इतिहास बहुत पुराना रहा है। यह बात अलग है कि छोटी–बड़ी कहानियों को एकब(कर उपन्यास का रूप दे दिया जाता है। वेद व्यास ने लंबी कहानियों का लिपिब(करके महाभारत में बदल दिया था और हमें एक महाकाव्य उपलब्ध हो गया।

[8] पूर्वग्रह, अंक; अप्रैल-जून, उदय प्रकाश (साक्षात्कार के अंश से), पृष्ठ संख्या 29 एवं 32

लेकिन उसके पहले दरअसल, वह एक लंबी कहानी मानी जाती थी। माना जाता है कि महाभारत में जो कृष्ण हैं वे एक नहीं हैं। तीन–चार कृष्ण थे जिनको मिलाकर एक किया गया।

''एक मोटा उदाहरण है, राही मासूम रज़ा का, 'आध गाँव'। उनका पहला उपन्यास जो दरअसल लंबी कहानी ही है। यथा– टोपी शुक्ला, 'हिम्मत जौनपुरी' इस सबको मिलाकर उन्होंने 'आध गाँव' लिख दिया। हिन्दी साहित्य में लंबी कहानी विध का कोई नया चलन नहीं है, यह वर्षों से लिखा जाता रहा है। रेणु की 'परती परिकथा' या 'मैला आँचल' को पढ़कर उपन्यास कम लंबी कहानी का आभास ज़्यादा होता है। कहानी, उपन्यास की तरह एक पूर्व–पारिभाषित विध नहीं है, उपन्यास की अपनी कुछ मर्यादाएँ एवं सीमाएँ हैं। उसका अपना व्याकरण है। लेकिन रेणु–जैसे कथाकार के लिए उपन्यास एक विध के रूप में कम महत्त्वपूर्ण या बल्कि जिस जीवन को वह उस समय दिखाना चाहते थे, वह कहीं ज़्यादा ज़रूरी था। इसलिए उन्होंने प्रेमचन्द वाले उपन्यास के प्रचलित ढाँचे को बदला। उसके संरचना में बदलाव किया। मूल कथोपकथन या आधर कथा की भाषा को बदला।''

उदय प्रकाश ने 'मोहनदास'– जैसी लंबी कहानी लिखकर हिन्दी के वर्णनात्मक ढाँचे के 'नैरेटिव स्ट्रक्चर' को बदला है। उन्होंने हिन्दी कहानी को नए प्रस्थान दिया। कहानी के रचना में दस्तावेज़ीकरण घटना के वर्णन के समय उसके रिकार्ड में जाना, इस तरह के कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे हैं। उदय प्रकाश ने कहानी को विश्व स्तर पर पहुँचा दिया। इन्होंने हिन्दी कहानी की धरा को अपने ढंग से मोड़ा और इसे अपनी जादुई यथार्थ के स्पर्श से एक नई दिशा दी।

कहानी एक ऐसी विध है, जिसको न कविता जैसी हैसियत प्राप्त है और न ही उपन्यास जैसी। इसे बीच का माना जाता है इसे न तो स्वीकृति प्राप्त थी न ही सम्मान। लेकिन 'मोहनदास' जैसी लंबी कहानी रचकर उदय प्रकाश ने इतिहास रच डाला। साथ ही, कहानी विध को एक गरिमामय स्थान भी दिलाया। उनकी कहानियों ने कहानी के मूल ढाँचे में परिवर्तन किया है। नई कहानी के दौर में भी कहानी को कहानीपन से मुक्त करने की कोशिश की गई थी, लेकिन उदय प्रकाश ने पूरे ढाँचे को ही बदल डाला।

''स्वयं लेखक के शब्दों में, ''वास्तविकताएँ बहुत तेज़ी से बदलीं। हमारे चारों तरफ़ का जो संसार था, वह लगातार बदलता गया। अब वह समय नहीं रह गया कि हम उसी तरह से पारंपरिक रूप में कथा कहते चले जाएँ। जब मैंने लिखना शुरू किया तो मुझे लगा कि कहानी जो है दरअसल उसका नैरेटिव किसी भी तरह के थियेटर, सिनेमा या एपिक का जो नैरेटिव है, उसे स्थगित निरस्त करता है। इसलिए मेरी कहानियाँ जो हैं उन्हें स्वीकारा तो नाटक में जाता है लेकिन वो असल में नाटक का सस्पेन्शन है। वह किसी भी तरह के नाटक का निषेध है। यह एक तरह का विरोधभास है। कहानी होने के बावजूद... विफ़स्सागोई के बावजूद कथानक का निषेध।''[9]

[9] पूर्वग्रह, अंक; अप्रैल-जून, उदय प्रकाश (साक्षात्कार के अंश से), पृष्ठ संख्या 33

उदय प्रकाश पर जर्मनी के नाटककार और कवि ब्रेख्त का ख़ासा प्रभाव है। जब हम उदयजी की कहानियाँ पढ़ रहे होते हैं तो यह अवश्य लगता है कि हम कहानी के भीतर है लेकिन वहीं, वह सचेत भाव से उस नैरेटिव को तोड़ते भी हैं और तोड़कर पिफर उसे वर्तमान या यथार्थ पर केन्द्रित करते है। पिफर उसके पात्राों के माध्यम से हम लंबी कहानी का विश्लेषण करने लगते है।

कहानियाँ, कविताएँ, रचनाएँ कई तरह से लिखी जाती हैं। कुछ तो स्वतःस्पफूर्त होती है, प्रच्छन्न होती है। उनमें कई बार कहानीकार यह भी नहीं जानता कि वह किस दिशा को जायेगा। किसी ख़ाली कैनवस पर कुछ रेखाएँ खींच देने या ब्रुश से किसी भी अचानक चुने गए रंग के ध्ब्बे लगा देने के साथ शुरू होता है। बाल्जाक कहते थे कि कई बार किसी एक वाक्य तक पहुँचने के लिए इतने सारे पृष्ठ लिखता चला जाता हूँ और कभी–कभी किसी एक वाक्य के कारण लिखने की शुरुआत करता हूँ। यह रचना का एक स्तर है लेकिन कुछ रचनाएँ ऐसी भी होती है, जिन्हें हम विचारों में बिठाते हैं। बहुत दिनों तक उसके बारे में सोचते रहते हैं और पिफर किसी एक दिन अपने कौशल, अपने अध्यवसाय अपनी भाषिक विदग्ध्ता, और एक आलोचनात्मक बोध् के साथ उसको लिखते हैं। इस तरह कोई लंबी कहानी आस्तित्व में आती है।

: ikrjk e ikB o"kE; % fodYik ,o i;k;k dk vè; ;u

हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद करते समय हमारे लिए अर्थ की पहचान सबसे ज़रूरी है। एक ही शब्द अनेक अर्थों में भाषा में रूढ़ होता है। इनमें कुछ खास अर्थों का विशेष प्रचार सामाजिक कारणों से हो जाता है। ऐसे प्रसंग पर उन शब्दों की योगरूढ़ि सी हो जाती है। अंग्रेज़ी में भी उनके पर्यायवाची शब्दों से संतोष नहीं होता। जब पर्यायवाची शब्दों से मूल भाषा में संतोष नहीं होता। तब अनुवाद करते समय संतोष होना और कठिन है। विशेषकर तब जबकि भाषांतरित करने वाला अनुवादक परसंस्कृति का हो। अनुवाद करते समय उसे शब्दों की अर्थवत्ता को परसंस्कृति के आचारों एवं व्यवहारों के अनुसार ढालना होता है।

शोधर्थ प्रस्तुत कहानी 'मोहनदास' भी दो अनुवादकों द्वारा अंग्रेजी में रूपांतरित किया गया है, एक अनुवादक देश की सभ्यता, संस्कृति, आचार–व्यवहार, चलन और पाठक की अनुभूति से परिचित है जबकि दूसरा अनुवादक परसंस्कृति का है। सांस्कृतिक दूरी की समस्या अनुवाद करते वक्त उसके लिए खड़ी तो होगी ही। स्पष्ट है कि वह भारतीय पाठक वर्ग को ध्यान में रखकर अनुवाद नहीं कर रहा बल्कि विदेशी पाठकों को ध्यान में रखते हुए, कहानी को अपनी मूल भाषा यानि अंग्रेजी में अपनी संस्कृति, संकल्पनाओं, अर्थवत्ता और आचार–विचार के अनुसार अनुवाद करता है और उसके विकल्प चुनता है।

दोनों ही अनुवादकों ;कांजीलाल, जेसन ग्रुनबामद्ध द्वारा किये गये अंग्रेजी अनुवाद का, शब्दों और पर्यायों के आधर पर तुलनात्मक उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं–

fl l dh (eeping – crem)

''उसकी दरार में से एक पफासले पर कोई सिसकी अटकी हुई दिखती है?'' ;पृष्ठ सं. 1द्ध

vuokfnr ikB 1 (Translated Text – 1)

ष्।ेउंसस जमंत जींज मगचवेमे ं तिपहीजनिस ेबतमंउ ेनेचमदकमक इमीपदकण्ष ;च्ंहम छवण 2द्ध

Translated Text – 2

जीम ेपसमदबम व ंूसस जीतवनही ूवेम बतंबो लवन बंद ेमम ेवउमवदम ूममचपदहध ;च्ंहम छवण 3द्ध

'सिसकी' के लिए आये उपर्युक्त दोनों ही विकल्पों की अर्थगत बारीकियाँ देखी जाये तो 'सिसकी' के लिए ॅममचपदह शब्द तुलनात्मक रूप से ज्यादा उपर्युक्त जान पड़ता है। जेसन ग्रूनबाम द्वारा श्वैबतमंउश शब्द के प्रयोग से पाठ का भाव स्पष्ट नहीं हो पाया और न ही वह 'सिसकी' के पर्याय के रूप में अध्कि सटीक है। भय के क्षणों में रूदन जैसी स्थिति को बतलाने के लिए ैबतमंउ शब्द का प्रयोग होता है। अगर हम प्रतीक कांजीलाल द्वारा प्रयोग किये गये शब्द ूममचपदह को भी 'सिसकी' के पर्याय के रूप में देखें तो वह पर्याप्त रूप से भाव स्पष्ट नहीं कर पाता। 'सिसकी' के लिए एक प्रस्तावित शब्द ेवइइपदह दिया जा सकता है।

2- >kyk (Bundle – itchel)

ey ikB

''उसके हाथ में एक झोला है, जिसमें बच्चों के लिए सस्ती टॉपिफयाँ और खिलौने हैं।'' ;पृष्ठ सं. 7द्ध

vufnr ikB 1

ैजंबीमस पद ीपे ींदकए चमददल ब्ंदकल ंदक बेमंच जवले वित ीपे ापकेण . *श्रेंवद* ;च्ंहम छवण 1द्ध

vufnr ikB 2

ष्। इनदकसम पद ीपे ींदक पिससमक ूपजी बीमंच ूममचजे ंदक जवले वित ीपे बीपसकतमदण्ष . *च्तंजपा* ;च्ंहम छवण 145द्ध

उपर्युक्त वाक्य में 'झोला' के लिए क्रमशः श्टंहश और श्वैजंबीमसश प्रयोग किया गया है। अनुवाद की सटीकता के हिसाब से देखें तो श्वैजंबीमसश शब्द ज़्यादा उपर्युक्त लगता है। दरअसल पश्चिमी समाज में श्वैजंबीमसश शब्द छोटे थैले के प्रयोग लिए होता है जिसे पफल वग़ैरह लाने में इस्तेमाल किया जाता है। इस लिहाज से भारतीय संस्कृति में यह शब्द 'झोला' के लिए सटीक लगता है। वहीं कांजीलाल ने 'झोले' के लिए श्इनदकसमश शब्द का प्रयोग कर 'झोले' की आंचलिक पहचान को मिटा दिया है।

3- gR;k (Death – Murder end)

ey ikB

''अपनी हत्या के एकाध पल पहले, उस मृतक की आँखों, चेहरे और समूचे शरीर में वह रंग दिखता है।'' ;पृष्ठ सं. 7द्ध

Translated Text – 1

ष्जीम सववा पद जीम कमंक उंदश्े मलमए वद ीपे बिम जीम चवेजनदम व िपद इवकल तपहीज ंज जींज उवउमदजण श्रनेज ंे मबवदक वत जूव इम वितम ीपे उनतकमतष्ण . *श्रेंवद* ;च्हम छवण 2द्ध

Translated Text – 2

ष्।दक ंज जींज उवउमदजए ींसि उवउमदज इमवितम पद मदकए लवन बंद ेमम जींज बवसवनत पद जीम मलमेए जीम बिमए जीम अमतल सिमे व िजीम उंद उंतामक वित कमंजीण्ष् दृ *च्तंजपा* ;च्हम छवण 145द्ध

प्रस्तुत पाठ में 'हत्या' के लिए अनुवादकों ने श्कमंजीश और श्उनतकमतश का प्रयोग किया है। ऑक्सपफॉर्ड शब्दकोश के अनुसार कमंजी का अर्थ है– श्जीम ंबज व िकलपदह रू ेवउमजीपदह ूीपबी बंनेमे वदम जव कपमश्ण इसका मतलब कमंजी का शाब्दिक अर्थ है 'मरना' सामान्य या असामान्य परिस्थितियों में। वहीं शब्दकोश में श्उनतकमतश का अर्थ है शपससपदह ं चमतेवद वद चनतचवेम ंदक पससमतससलश यानी जब किसी अन्य के द्वारा व्यक्ति मौत के घाट उतारा जाता है तब वह 'मर्डर' होता है। इस लिहाज़ से जेसन द्वारा 'हत्या' के लिए 'मर्डर' शब्द का प्रयोग प्रासंगिक लगता है। यह अर्थ को विस्तार देता है।

4- ^pkV Mkyk g* ;स्तवकमक इल दृ तंअंहमक इलद्ध

मूल पाठ– ''रबड़ का सस्ता– बरसाती जूता, जिसे मिट्टी, धूल, दुख, पानी समय और धूप में चाट डाला है। ;पृष्ठ सं. 8द्ध

Translated Text – 1

ष्प्पे बीमंच तनइइमत ीवमे ींक इममद तंअंहमक इल उनकए कपतजए उपेमतलए जपउमए ूजमत ंदक ेममदण्ष् दृ *श्रेंवद* ;च्हम छवण 2द्ध

Translated Text – 2

ष्बीमंच तनइइमत उवदेववद ीवमे मतवकमक इल कनेजए ूजमतए जपउमए ेनद ंदक उपेमतलण्ष् दृ *च्तंजपा* ;च्हम छवण 146द्ध

यहाँ 'चाट डालना', 'घिस जाने' से संबंध्ति है। यह घिसना सिपर्फ जूते के बाह्य रूप से घिसने या चाटने से जुड़ा नहीं है बल्कि इस वाक्य को विस्तृत स्तर पर लिया जाये तो यह आभाव एवं पीड़ा प्रदर्शित करता है।

